**Terms of Reference**
**Senior Consultant - Community Processes and Comprehensive Primary Healthcare, NHSRC**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

The Position reports to Advisor- Community Processes/ Comprehensive Primary Healthcare (CP/CPHC) and is on Contractual basis. To begin with Two years and extendable based on the Performance.

**Roles & Responsibilities:**

- Provide Policy and Programme support for Community Processes (CP) and Comprehensive Primary Health Care (CPHC) as required at National and State Levels
- Support State Level Technical support for CP and CPHC, guide and support State Counterparts in programme implementation.
- Ensure training and technical assistance to States in rolling out CP-CPHC components
- Undertake periodic field visits to States and Districts to review programme implementation in the States, identify implementation challenges and support Districts/States in charting appropriate solutions including enabling linkages with appropriate public health/ research/ academic/ technical/support institutions for technical support on CP/CPHC at the State/District Level.
- Undertake analytical documentation of field review visits to inform required changes in program design, planning, implementation and policy modification as required.
- Develop research study / evaluation protocols, undertake and guide studies pertaining to-baseline measurements, operational research and impact assessments for improving design of CP and CPHC interventions.

- Contribute to development of programme specific operational guidelines; undertake research to write technical and policy briefs, training material, reports, case studies, monitoring checklists/protocols etc.
- Identify best practices and innovations within States and Districts and support States to document and upload theirs on innovation portal for dissemination to other States/Districts
- Support and supervise systematic collection, documentation and presentation of information regarding CPHC and providing inputs to the decision makers.
- Support in identification and development of Innovation & Learning Centres or field demonstration sites for peer learning updation of operational guidelines and policies.
- Undertake and support interventions for assuring intersectoral coordination/convergence for addressing social and economic determinants of health resulting in better health outcomes
- Identify, undertake and support technological solutions for improvement in health care service delivery, performance monitoring, documentation and reporting
- Undertake planning, implementation and performance monitoring of CP-CPHC Division activities
- Mentor and monitor consultants in the team and provide support to NE-RRC
- Undertake such other assignments, which may be assigned by from time to time by the Advisor of the CP-CPHC Division

**Qualifications & Experience:**

**i) Essential:**

- Possess MBBS/BDS degree with either of the following Post graduate degree or diploma:
  i. MD/DNB in Community Medicine
  ii. Master's in Public Health
  iii. Post Graduate Diploma in Public Health Management (2 Years)
  iv. Masters in Health Administration
  v. Post Graduate Diploma in Health Administration (2 Years)
  vi. MBA in Healthcare management
  vii. Post Graduate Diploma in Healthcare Management (2 Years)

  Have at least 5 years of post-qualification experience in implementing and supporting community health and primary health care programmes.
- Experience in undertaking research, capacity building and working with health systems in the public health system
- Computer Skills: Proficiency in commonly used packages like MS Word, Excel, Power Point. Ability to use internet to for desk research, literature review and accessing other relevant documents.
- Excellent data analytical skills, documentation, communication and presentation skills
- Good interpersonal skills and proven ability to lead teams
- Excellent oral and written communication skills in English.

**ii) Desirable:**

- Working knowledge of Hindi / other major regional language
- Demonstrated ability to lead multi-disciplinary teams
- Ability to carry out given task with minimal supervision

**Age Limit:** Up to 50 Years (as on the date of receiving the application)

**Work Location:** New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts. Travel to states and districts will be required too.

**Remuneration Range:** Between Rs. 90,000/- to Rs. 1,50,000/-

*Fee offered within the band in commensuration with qualification and experience.

**Other Benefits:** In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bill reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract:** 2 years with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is **22nd March 2023.**

## संदर्भ शर्तें (टीओआर)
## सीनियर कनसल्टेंट– सामुदायिक प्रक्रियाएं और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, एनएचएसआरसी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता और क्षमता बढ़ाने के लिए समर्थन उपलब्ध कराया जा सके। एनएचएसआरसी को स्वास्थ्य नीति/कार्यक्रम डिजाइन और मूल्यांकन में योगदान करने का भी जनादेश प्राप्त है।

वर्ष 2006 में आरंभ से ही एनएचएसआरसी अपने एजेंडे के लिए ज्ञान का भंडार और उत्कृष्टता का केंद्र रहा है। इस संगठन के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में संलग्न अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ व्यावसायिक संबंध हैं। ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जिन्होंने एनएचएसआरसी के साथ कार्य किया और अमूल्य अनुभव प्राप्त किया जिससे पेशेवर मंजिल की अगली सीढ़ी पर छलांग लगाने में सक्षम हुए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ कार्य करने के व्यापक अवसरों के साथ एनएचएसआरसी की प्रक्रियाएं इसकी अनूठी विशेषताएं हैं।

यदि आप स्वास्थ्य निष्पक्षता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराता है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले दल के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान खोजने, अपनाने, सह–सर्जन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान के आदान–प्रदान और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने में समर्थ होने के जरिए स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए समर्थन उपलब्ध कराने का अवसर है।

इस पद पर नियुक्त व्यक्ति सलाहकार– सामुदायिक प्रक्रियाएं/व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपी/सीपीएचसी) को रिपोर्ट करता है और नियुक्ति अनुबंध आधार पर है। यह पद शुरू में दो वर्ष के लिए है और कार्य निष्पादन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

### भूमिकाएं और जिम्मेदारियां:

- राष्ट्रीय और राज्य स्तरों पर आवश्यकता अनुसार सामुदायिक प्रक्रियाएं (सीपी) और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (सीपीएचसी) के लिए नीति और कार्यक्रम समर्थन उपलब्ध कराना
- सीपी और सीपीएचसी के लिए राज्य स्तरीय तकनीकी समर्थन उपलब्ध कराना, कार्यक्रम कार्यान्वयनन में राज्य भागीदारों का मार्गदर्शन और समर्थन
- सीपी–सीपीएचसी घटकों को तैयार करने में राज्यों के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता सुनिश्चित करना
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा, कार्यान्वयन चुनौतियों की पहचान करने और समुचित समाधान तैयार करने में जिलों/राज्यों के समर्थन के लिए राज्यों और जिलों की आवधिक क्षेत्र यात्रा करने के साथ राज्य/जिला स्तर पर सीपी/सीपीएचसी के बारे में तकनीकी समर्थन के लिए समुचित सार्वजनिक स्वास्थ्य/अनुसंधान/शैक्षिक/तकनीकी/समर्थन संस्थाओं के साथ संपर्क स्थापित करना
- कार्यक्रम डिजाइन, नियोजन, कार्यान्वयन और आवश्यकता अनुसार नीति में संशोधन में आवश्यक परिवर्तन की सूचना देने के लिए क्षेत्र समीक्षा यात्राओं के विश्लेषणात्मक प्रलेखन करना
- अनुसंधान अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकोल विकसित करना, सीपी और सीपीएचसी हस्तक्षेपों के डिजाइन में सुधार के लिए बेसलाइन मापन, प्रचालन अनुसंधान और प्रभाव आकलन से संबंधित अध्ययन कराना और उसमें मार्गदर्शन

- कार्यक्रम विशिष्ट प्रचालन दिशानिर्देशों के विकास में योगदान, तकनीकी और नीति सार लिखने के लिए अनुसंधान कराना, प्रशिक्षण सामग्री, रिपोर्ट केस स्टडीज, निगरानी जांच सूचियां/प्रोटोकोल इत्यादि के विकास में योगदान
- राज्यों और जिलों में श्रेष्ठ अभ्यासों और नवाचारों की पहचान करना तथा प्रलेखन और अन्य राज्यों/जिलों में प्रचार–प्रसार के लिए नवाचार पोर्टल पर उन्हें उपलोड करने के लिए राज्यों का समर्थन
- सीपीएचसी से संबंधित जानकारी के व्यवस्थित संग्रह, प्रलेखन और प्रस्तुतिकरण में समर्थन और पर्यवेक्षण तथा निर्णय लेने वालों को सुझाव उपलब्ध कराना
- प्रचालन दिशानिर्देशों और नीतियों की समकक्ष सीख के अपडेशन के लिए नवाचार एवं सीखने के केंद्रों या क्षेत्र प्रदर्शन स्थलों की पहचान और विकास में समर्थन
- बेहतर स्वास्थ्य परिणामों में स्वास्थ्य के सामाजिक एवं आर्थिक निर्धारकों को संबोधित करने के लिए अंतर–क्षेत्रीय समन्वय/समामेलन सुनिश्चि करने के लिए हस्तक्षेप करना और समर्थन करना
- स्वास्थ्य देखभाल सेवा वितरण, कार्य निष्पादन निगरानी, प्रलेखन और रिपोर्टिंग में सुधार के लिए प्रौद्योगिकीय समाधानों की पहचान, संचालन और समर्थन
- सीपी–सीपीएचसी प्रभाग की गतिविधियों का नियोजन, कार्यान्वयन और कार्य निष्पादन निगरानी
- टीम में कनसल्टेंट्स का मार्गदर्शन और निगरानी तथा एनई–आरआरसी को समर्थन उपलब्ध कराना
- ऐसे अन्य असाइनमेंट करना जो सीपी–सीपीएचसी प्रभाग के सलाहकार समय–समय पर सौंप सकते हैं।

**शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव :**

1. अनिवार्य :

- एमबीबीएस/बीडीएस डिग्री के साथ निम्नलिखित में से किसी एक में स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा :–
  1. सामुदायिक मेडिसिन में एमडी/डीएनबी
  2. सार्वजनिक स्वास्थ्य  में स्नातकोत्तर
  3. सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (2 वर्ष)
  4. स्वास्थ्य प्रशासन में स्नातकोत्तर
  5. स्वास्थ्य प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (2 वर्ष)
  6. स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में एमबीए
  7. स्वास्थ्यदेखभाल प्रबंधन में स्नाकोत्तर डिप्लोमा (2 वर्ष)

  शैक्षिक योग्यता के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और समर्थन में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव

- सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रधाली में अनुसंधान, क्षमता निर्माण तथा स्वास्थ्य प्रणाली में कार्य करने का अनुभव
- कंप्यूटर कौशल : एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट जैसे आमतौर से उपयोग किए जाने वाले पैकेज में प्रवीणता। डेस्क अनुसंधान, साहित्य समीक्षा और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज एक्सेस करने के लिए इंटरनेट उपयोग करने की क्षमता।
- आंकड़ों के विश्लेषण का उत्कृष्ट कौशल, प्रलेखन, संचार और प्रस्तुति कौशल
- अच्छा अंतरवैयक्तिक कौशल और टीम का नेतृत्व करने की सिद्ध क्षमता
- अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लेखन संचार कौशल

2. वांछनीयः

- हिंदी/अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान
- बहु–विषयी टीम वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता
- दिए गए कार्य को मामूली पर्यवेक्षण के साथ करने की क्षमता

**आयु सीमा** : 50 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त होने की तिथि को )

**कार्य का स्थान** : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में कार्य करने के अनुभव का अवसर। राज्यों और जिलों की यात्रा शामिल होगी।

**परिलब्धि की सीमा** : रु. 90,000/– से रु. 1,50,000/– के बीच
**'इस बैंड में प्रस्तावित फीस योग्यता और अनुभव के समानुपातिक होगी।**

**अन्य लाभः** उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धि के अतिरिक्त, एनएचएसआरसी के कनसल्टेंट निःशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटोप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी की नीति के अनुसार), भारत सरकार की नीति के अनुसार 30 दिन का समेकित अवकाश, पूर्णतः सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, टीए/ डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन

**अनुबंध की अवधिः** 2 वर्ष के साथ समान अवधि का विस्तार (संतोषजनक कार्य निष्पादन के विषयाधीन)
इस साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों के अनुसार और समुचित स्तर पर एनएचएसआरसी में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** : उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (ीजजचरू्ध्ध्दीतबपदकपंण्वतह) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **22nd March 2023.** है।